✷ भारत के उत्तरी मैदानों में शीत ऋतु में वर्षा होती है **–प. विक्षोभों से**

✷ भारत में शरदकालीन वर्षा के क्षेत्र हैं **–पंजाब-तमिलनाडु**

✷ तमिलनाडु में शरदकालीन वर्षा अधिकांशत: जिन कारणों से होती है, वे हैं **–उत्तरी-पूर्वी मानसून**

✷ **कथन (A) :** भारत के उत्तरी मैदान में जाड़ों में कुछ वर्षा हो जाती है।
कारण (R) : जाड़े में उत्तर-पूर्वी मानसून सक्रिय होती है।
–(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

✷ वह राज्य जिसमें जाड़े (Winter) के मौसम में बारिश मिलती है, वह है **–तमिलनाडु**

✷ **कथन (A) :** प्रति-चक्रवाती स्थितियां शीत ऋतु में तब बनती हैं, जब वायुमंडलीय दाब उच्च होता है और वायुताप निम्न होता है।
कारण (R) : उत्तर भारत में शीतकालीन वर्षा से निम्न तापों वाली प्रति-चक्रवाती स्थितियां पैदा होती हैं।
–(A) सही है, परंतु (R) गलत है

✷ भारत में शीतकाल में वर्षा होती है **–उत्तर-पश्चिम में**

प्राकृतिक आपदाएं

✷ वर्ष 2004 की सुनामी द्वारा भारत के तटों में से सर्वाधिक दुष्प्रभावित हुआ था **–कोरोमंडल तट**

✷ 'हुदहुद चक्रवात' से भारत का जो तटीय क्षेत्र प्रभावित हुआ था, वह था **–आंध्र प्रदेश तट**

✷ भारत में 'सुनामी वार्निंग सेंटर' अवस्थित है **–हैदराबाद में**

✷ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग स्थापित है **–नई दिल्ली में**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (प्राकृतिक आपदाएं)		सूची-II (प्रदेश)
बाढ़	-	उत्तर प्रदेश तथा बिहार के मैदान
भूकंप	-	हिमालय का गिरिपाद क्षेत्र
सूखा	-	मध्य-पूर्वी भारत
चक्रवात	-	झारखंड तथा उत्तरी ओडिशा

✷ **कथन (A) :** हिमालय में भूस्खलन की आवृत्ति में वृद्धि हुई है।
कथन (R) : हाल के वर्षों में हिमालय में बड़े पैमाने पर खनन कार्य हुआ है। **—(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।**

✷ बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात अधिक आते हैं **—बंगाल की खाड़ी में अधिक गर्मी के कारण**

✷ **कथन (A) :** पश्चिमी तट की तुलना में पूर्वी तट चक्रवातों द्वारा अधिक प्रभावित है।
कारण (R) : भारत का पूर्वी तट उत्तर-पूर्वी व्यापारिक हवाओं की मेखला में पड़ता है। **—(A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है**

✷ **कथन (A) :** महाराष्ट्र के कोयना क्षेत्र के निकट भविष्य में अधिक भूकंप प्रभावित होने की संभावना है।
कारण (R) : कोयना बांध एक पुराने भ्रंश-तल पर अवस्थित है, जो कोयना जलाशय में जल-स्तर के परिवर्तन के साथ अधिक सक्रिय हो सकता है। **—(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है**

✷ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, बिहार तथा गुजरात राज्यों में से सर्वाधिक प्राकृतिक आपदाएं आती हैं **—ओडिशा में**

✷ देश के पहले आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना जहां की जा रही है, वह है **—लातूर (महाराष्ट्र)**

✷ वह क्षेत्र जो उच्च तीव्रता की भूकंपीय मेखला में नहीं आता है **—कर्नाटक पठार**

✷ भारत को जिन भूकंपीय जोखिम अंचलों में विभाजित किया गया है, वह है **—4 जोन**

✷ सही सुमेलन है

नगर		भूकंप मंडल
भुज	-	V
हैदराबाद	-	II
श्रीनगर	-	V
चेन्नई	-	II

✷ **कथन (A) :** पिछले दो दशकों में उत्तर भारतीय मैदानों में बाढ़ की बारंबारता (Frequency of Flood) बढ़ गई है।
कारण (R) : गाद के निक्षेपण (Deposition of Silt) के कारण नदी घाटियों की गहराई में कमी हो गई है। **—(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है**

✷ भारत का सबसे अधिक बाढ़ग्रस्त राज्य है **—बिहार**

✷ उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है **—पूर्वी क्षेत्र**

मिट्टियां

i. काली मिट्टी

✷ वह मिट्टी जो बेसाल्ट लावा के उपक्षय के कारण निर्मित हुई है **—रेगुर मिट्टियां**

✷ 'रेगुर' (Regur) नाम है **—काली मिट्टी का**

✷ रेगुर (Regur) मिट्टी का विस्तार सबसे ज्यादा है **—महाराष्ट्र में**

✷ **कथन (A) :** दक्षिणी ट्रैप की रेगुर **मिट्टियां** काली होती हैं।
कारण (R) : उनमें ह्यूमस प्रचुर मात्रा में होता है। **—(A) सही है, किंतु (R) गलत है**

✷ **कथन (A) :** काली मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयुक्त है।
कारण (R) : उनमें जैव तत्व प्रचुर मात्रा में होता है। **—(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**

✷ कपास की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मिट्टी है **—रेगुर मिट्टी**

✷ **कथन (A) :** काली मिट्टी कपास की कृषि के लिए उपयुक्त होती है।
कारण (R) : उसमें नाइट्रोजन तथा जैव पदार्थ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। **—(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**

✷ 'स्वतः कृष्य मिट्टी' कहा जाता है **—कपास की काली मिट्टी को**

✷ लावा मिट्टियां पाई जाती हैं **—मालवा पठार में**

✷ मालवा पठार की प्रमुख मिट्टी है **—काली मिट्टी**

✷ वह मृदा जिसे सिंचाई की कम आवश्यकता होती है, क्योंकि वह नमी रोक कर रखती है **—काली मिट्टी**

ii. लैटेराइट मिट्टी

✷ भारत की लैटेराइट मिट्टियों के बारे में सही कथन है **—वे साधारणतः लाल रंग की होती हैं, इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।**

✷ **कथन (A) :** पश्चिम बंगाल की तुलना में आंध्र प्रदेश के शुद्ध रोपित क्षेत्र की उसके कुल क्षेत्रफल में प्रतिशतता कम है।
कारण (R) : अधिकांश आंध्र प्रदेश की मृदा मखरला (लैटेराइट) प्रकार की है। **—(A) सही है, किंतु (R) गलत है**

✷ लैटेराइट मिट्टी मिलती है **—महाराष्ट्र में**

✷ लैटेराइट मिट्टियों का प्राधान्य है **—मालाबार तटीय प्रदेश में**

✷ लैटेराइट मिट्टियों के लिए सही कथन है **—उनमें चूना प्रचुर मात्रा में नहीं पाया जाता है**

✷ वह मृदा प्रारूप जो लोहे का अतिरेक होने के कारण अनुर्वर होता जा रहा है **—लैटेराइट**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

iii. दोमट या जलोढ़ मिट्टी

- भारत में सबसे अधिक उपजाऊ मृदा है **—जलोढ़ मृदा**
- भारत में सबसे बड़ा मिट्टी का वर्ग है **—कछारी मिट्टी**
- गंगा के मैदान की पुरानी कछारी मिट्टी कहलाती है **—बांगर**
- वह मृदा जिसकी जलधारण क्षमता सबसे कम होती है **—बलुई दोमट मृदा**
- दुम्मटी (लोम) मिट्टी में मिलते हैं **—मिट्टी के सभी प्रकार के कण**

iv. मिट्टी : विविध

- पश्चिमी राजस्थान की मिट्टियों में सर्वाधिक मात्रा होती है **—कैल्शियम की**
- आलू, सोर्धम, सूरजमुखी तथा मटर फसलों में से वह फसल जो मृदा को नाइट्रोजन से भरपूर कर देती है **—मटर**
- भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए जो फसल उगाई जाती है, वह है **—उड़द**
- भारत के कुछ भागों में यात्रा करते हुए आप देखेंगे कि कहीं-कहीं लाल मिट्टी पाई जाती है। मिट्टी के इस रंग का प्रमुख कारण है **—फेरिक ऑक्साइड की विद्यमानता**
- भारतीय मृदाओं में जिस सूक्ष्म तत्व की सर्वाधिक कमी है, वह है **—जस्ता**
- **कथन (A) :** हिमालय की मिट्टियों में 'ह्यूमस' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
  कारण (R) : हिमालय में सर्वाधिक क्षेत्र वनाच्छादित है। **—(A) गलत है, परंतु (R) सही है**
- पौधों को सबसे अधिक पानी मिलता है **—चिकनी मिट्टी में**
- मिट्टी का वह कण जिसका व्यास 0.002 मि.मी. से कम होता है **—मृत्तिका**

v. अम्लीय एवं क्षारीय मृदा

- सामान्य फसलें उगाने के लिए उर्वर भूमि का pH मान होने की संभावना है **—छः से सात**
- तेजाबी मिट्टी को कृषि योग्य बनाने हेतु उपयोग किया जा सकता है **—लाइम का**
- मिट्टी में खारापन एवं क्षारीयता की समस्या का समाधान है **—खेतों में जिप्सम का उपयोग**
- भारत में सर्वाधिक क्षारीय क्षेत्र पाया जाता है **—उत्तर प्रदेश राज्य में**
- भारत में लवणीय मृदा का सर्वाधिक क्षेत्रफल है **—गुजरात में**
- मृदा का लवणीभवन मृदा में एकत्रित सिंचित जल के वाष्पीकृत होने से पीछे छूटे नमक और खनिजों से उत्पन्न होता है। सिंचित भूमि पर लवणीभवन का जो प्रभाव पड़ता है, वह है **—यह कुछ मृदाओं को अपारगम्य बना देता है**
- चाय बागानों के लिए उपयुक्त मिट्टी है **—अम्लीय**

vi. मृदा अपरदन एवं सुधार

- भारत के जिस क्षेत्र में मृदा अपरदन (Soil Erosion) की समस्या गंभीर है, वह क्षेत्र है **—शिवालिक पहाड़ियों के पाद क्षेत्र एवं चंबल घाटी**
- चंबल घाटी के खोह-खड्डों के निर्माण का कारण अपरदन है, वह अपरदन प्रारूप है **—अवनालिका**
- मृदा-अपरदन प्रक्रियाओं (Processes of Soil- Erosion) के सही क्रम हैं **—आस्फाल अपरदन, परत अपरदन, रिल अपरदन, अवनालिका अपरदन**
- कृष्य भूमि में वह पौधा जिसके कारण भूमि का अपरदन अधिकतम तीव्रता से होता है **—सोर्घम**
- फसल चक्र आवश्यक है **—मृदा की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हेतु**
- मृदा संरक्षण के संदर्भ में प्रचलित पद्धतियां हैं **—सस्यावर्तन (फसलों का हेरफेर), वेदिका निर्माण (टैरेसिंग), वायुरोध**
- भारत में मृदा अपक्षय समस्या संबंधित है/हैं **—वनोन्मूलन से**
- मृदा अपरदन रोका जा सकता है **—वनारोपण द्वारा**

प्राकृतिक वनस्पति

- भोजपत्र वृक्ष मिलता है **—हिमालय में**
- कत्था बनाने हेतु जिस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग होता है, वह है **—खैर**
- वह वन जो भारत के सर्वाधिक वृहत् क्षेत्र में पाया जाता है **—उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन**
- सागौन तथा साल उत्पाद हैं **—उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी वन के**
- पश्चिमी हिमालय की शीतोष्ण पेटी (Temperate Zone) में एक वृक्ष का बाहुल्य है, वह है **—देवदार**
- वह राज्य जहां सिनकोना वृक्ष नहीं उगता है **—छत्तीसगढ़**
- 'जंगल की आग' कहा जाता है **—ब्यूटिया मोनोस्पर्मा को**
- भारत में सागौन का वन पाया जाता है **—मध्य प्रदेश में**
- वह पौधे जिसमें फूल नहीं होते हैं **—फर्न**
- पश्चिमी हिमालय में उच्च पर्वतीय वनस्पति 3000 मीटर की ऊंचाई तक ही उपलब्ध होती है, जबकि पूर्वी हिमालय में वह 4000 मीटर की ऊंचाई तक उपलब्ध होती है। एक ही पर्वत श्रृंखला में इस विविधता का कारण है **—पूर्वी हिमालय का भूमध्य रेखा और समुद्र तट से पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक निकट होना**
- ऐन्टिलोपो 'ऑरिक्स' और 'चीरू' के बीच अंतर है **—ऑरिक्स गर्म और शुष्क क्षेत्रों में रहने के लिए अनुकूलित है, जबकि चीरू ठंडे उच्च पर्वतीय घास के मैदान और अर्ध-मरुस्थली क्षेत्रों में रहने के लिए।**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ सही सुमेलन है

नगर		**भूकंप मंडल**
सागौन	**-**	**मध्य भारत**
देवदार	**-**	**हिमालय के उच्च क्षेत्र**
सुंदरी	**-**	**सुंदरबन**
सिनकोना	**-**	**हिमालय की तराई**

✷ सुंदरी का वृक्ष पाया जाता है **—पश्चिम बंगाल में**

✷ सही सुमेलित है

सूची-I (वन प्रकार)		**सूची-II** (प्रदेश)
उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती	**-**	**तराई**
उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती	**-**	**मध्य गंगा मैदान**
अल्पाइन	**-**	**अरुणाचल प्रदेश (हिमालयी भाग)**
उष्ण कटिबंधीय सदाबहार	**-**	**सह्याद्रि**

✷ लंबी जड़ों और नुकीले कांटों अथवा शूलयुक्त झाड़ियों और लघु वृक्षों वाले आरक्षित अवरुद्ध वन सामान्य रूप से पाए जाते हैं **—पश्चिमी आंध्र प्रदेश में**

✷ वह वृक्ष जो समुद्र तल में सर्वाधिक ऊंचाई पर पाया जाता है **—देवदार**

✷ वह राज्य जिसके वनों का वर्गीकरण अर्द्ध-उष्णकटिबंधीय के रूप में किया जाता है **—मध्य प्रदेश**

✷ महोगनी वृक्ष का मूल स्थान है **—उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र**

✷ सामाजिक वानिकी में प्रयुक्त बहुउद्देश्यीय वृक्ष का एक उदाहरण है **—खेजरी**

✷ लीसा प्राप्त होता है **—चीड़ के वृक्ष से**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (कच्छ वनस्पति)		**सूची-II** (राज्य)
अव्रा रत्नागिरि	**-**	**महाराष्ट्र**
कुडापुर	**-**	**कर्नाटक**
पिचवरम	**-**	**तमिलनाडु**
वेम्बनाड	**-**	**केरल**

✷ केरल की कच्छ वनस्पतियां पाई जाती हैं **—वेम्बनाड-कुन्नूर में**

सिंचाई एवं नहरें

✷ कथन (A) : प्रायद्वीपीय भारत में सिंचाई का एक प्रमुख साधन है, तालाब।
कथन (R) : प्रायद्वीपीय क्षेत्र की अधिकांश नदियां मौसमी हैं।
—दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है।

✷ भारत के संदर्भ में सही कथन है **—देश में सिंचाई का प्रमुख स्रोत नलकूप हैं**

✷ भारत में सिंचाई के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र वाला राज्य है **—पंजाब (98.7% लगभग)**

✷ सूक्ष्म-सिंचाई की पद्धति के संदर्भ में कथन सही हैं **— मृदा से उर्वरक/पोषक हानि कम की जा सकती है। इससे कुछ कृषि क्षेत्रों में भौम जलस्तर को कम होने से रोका जा सकता है।**

✷ जीवन रक्षक अथवा बचाव सिंचाई इंगित करती है- **—पी.डब्ल्यू.पी. सिंचाई**

✷ गत 25 वर्षों में नलकूप सिंचाई का सर्वाधिक शानदार विकास हुआ है **—सरयू पार मैदान में**

✷ भारत का वह राज्य जिसमें सर्वाधिक सिंचाई नलकूपों से होती है **—उत्तर प्रदेश**

✷ भारत के राज्यों का सिंचाई के लिए उपलब्ध भूतल जल संसाधनों की दृष्टि से अवरोही क्रम में सही अनुक्रम है **—उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम**

✷ भारत में माला नहर तंत्र (Garland Canal System) को प्रस्तावित किया था **—दिनशॉ जे. दस्तूर ने**

✷ भारत की सिंचाई क्षमता का सर्वाधिक भाग पूरा होता है **—लघु एवं वृहद परियोजनाओं से**

✷ फरक्का नहर की जलवहन क्षमता **—40,000 क्यूसेक**

✷ मंगलम सिंचाई परियोजना है **—केरल में**

✷ सारण (Saran) सिंचाई नहर निकलती है **—गंडक से**

✷ इंदिरा गांधी नहर का उद्गम स्थल है **—हरिके बैराज**

✷ हरिके बैराज (इंदिरा गांधी नहर का प्रमुख जल स्रोत) जिन नदियों के संगम पर है, वह नदी है **—ब्यास और सतलज**

✷ राजस्थान (इंदिरा) नहर निकलती है **—सतलज से**

✷ इंदिरा गांधी नहर का निर्माण कार्य वर्ष 1958 से प्रारंभ हुआ और इसका उद्गम है **—सतलज नदी पर हरिके बांध से**

✷ इंदिरा गांधी नहर जल प्राप्त करती है **—ब्यास, रावी तथा सतलज नदियों से**

✷ ब्यास नदी के पोंग बांध के जल का उपयोग करती है **—इंदिरा गांधी नहर परियोजना**

✷ भारत में विश्व की सबसे पुरानी व विकसित नहर व्यवस्था है **—गंग नहर**

✷ गंग नहर, जो सबसे पुरानी नहरों में से है, का निर्माण गंग सिंह जी ने करवाया **—1927 में**

✷ शारदा सहायक समादेश विकास परियोजना के मुख्य लक्ष्य हैं **—कृषि उत्पादन बढ़ाना, बहु-फसली खेती द्वारा भूमि-उपयोग के प्रारूप को बदलना, भू-प्रबंधन का सुधार**

✷ निचली गंगा नहर का उद्गम स्थल है **—नरौरा (बुलंदशहर) में गंगा नदी पर**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ हरियाली (Haryali) एक नई योजना है **—जल संग्रहण से संबंधित विकास योजना एवं वृक्षारोपण के लिए।**

✷ 'एकीकृत जलसंभर विकास कार्यक्रम' को कार्यान्वित करने के लाभ हैं **—मृदा के बह जाने की रोकथाम, वर्षा-जल संग्रहण तथा भौम-जलस्तर का पुनर्भरण, प्राकृतिक वनस्पतियों का पुनर्जनन**

✷ सही सुमेलन है-

(कार्यक्रम/परियोजना)		(मंत्रालय)
सूखा-प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम	:	**भूमि संसाधन विभाग**
मरुस्थल विकास कार्यक्रम	:	**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
वर्षापूरित क्षेत्रों हेतु राष्ट्रीय जलसंभर विकास परियोजना	:	**कृषि एवं सहकारिता विभाग**

✷ ड्रप्स (ड्रिप) सिंचाई पद्धति के प्रयोग के लाभ हैं **—खरपतवार में कमी, मृदा अपरदन में कमी**

बहुउद्देश्यीय नदी घाटी परियोजनाएं

✷ सरदार सरोवर परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्य हैं **—गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान**

✷ सरदार सरोवर बांध बनाया जा रहा है **—नर्मदा नदी पर**

✷ सरदार सरोवर से सर्वाधिक लाभ मिलता है **—गुजरात को**

✷ सरदार सरोवर परियोजना के विरोध में हैं **—मेधा पाटेकर**

✷ बरगी, ओंकरेश्वर, इंदिरा सागर एवं बाण सागर बाधों में से वह बांध जो नर्मदा नदी पर नहीं है **—बाण सागर**

✷ इंदिरा सागर बांध स्थित है **—नर्मदा नदी पर**

✷ मध्य प्रदेश का हरसूद कस्बा जलमग्न हुआ है **—इंदिरा सागर जलाशय में**

✷ ओंकारेश्वर परियोजना संबद्ध है **—नर्मदा नदी से**

✷ नर्मदा बचाओ आंदोलन जिस बांध की ऊंचाई बढ़ाने के निर्णय का विरोध कर रहा है, वह बांध है **—सरदार सरोवर**

✷ भाखड़ा-नांगल एक संयुक्त परियोजना है **—हरियाणा-पंजाब-राजस्थान की**

✷ भाखड़ा-नांगल बांध बनाया गया है **—सतलज नदी पर**

✷ भारत का सबसे पुराना जलशक्ति उत्पादन केंद्र है **—शिवसमुद्रम**

✷ शिवसमुद्रम जलविद्युत परियोजना स्थित है **—कर्नाटक में**

✷ कावेरी नदी के जल बंटवारे का विवाद जिन राज्यों से संबंधित है, वह राज्य हैं **—तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल तथा पुडुचेरी**

✷ नागार्जुन सागर परियोजना अवस्थित है **—कृष्णा नदी पर**

✷ भारत में नागार्जुन सागर परियोजना स्थित है **—आंध्र प्रदेश में**

✷ हीराकुंड बांध बनाया गया है **—महानदी पर**

✷ वह जलाशय जो चंबल नदी पर बना है **—राणा प्रताप सागर**

✷ चंबल नदी पर निर्मित बांध है **—गांधी सागर**

✷ वह नदी घाटी परियोजनाएं जो एक से अधिक राज्यों को लाभान्वित करती हैं **—चंबल घाटी परियोजना एवं मयूराक्षी परियोजना**

✷ चंबल घाटी योजना से संबंधित है **—गांधी सागर, जवाहर सागर, राणा प्रताप सागर**

✷ टिहरी बांध उत्तराखंड में निर्मित किया जा रहा है **—भागीरथी नदी पर**

✷ टिहरी जलविद्युत परियोजना बनाई गई है **—भागीरथी एवं भिलंगना नदी पर**

✷ मैथॉन, बेलपहाड़ी एवं तिलैया बांध बनाए गए हैं, **—बाराकर नदी पर**

✷ **कथन (A) :** दामोदर घाटी कॉर्पोरेशन के विकास के पूर्व दामोदर नदी पश्चिम बंगाल में 'दु:ख की नदी' मानी जाती थी।
कारण (R) : दामोदर अपने ऊपरी भाग में तीव्रता से प्रवाहित होती है तथा निचले भाग में इसका बहाव बहुत धीमा हो जाता है। **—(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।**

✷ दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई थी **—1948 में**

✷ तवा परियोजना स्थित है **—नर्मदा नदी पर**

✷ सही सुमेलन है

हीराकुंड परियोजना	-	**ओडिशा**
हल्दिया रिफाइनरी	-	**पश्चिम बंगाल**
तारापुर परमाणु केंद्र	-	**महाराष्ट्र**
कुद्रेमुख पहाड़ियां	-	**कर्नाटक**

✷ हिमाचल प्रदेश बांध अब सतलज नदी पर बनाया जा रहा है, इस बांध को बनाने का मुख्य उद्देश्य है **—भाखड़ा बांध में आने वाली तलछट मिट्टी को रोकना**

✷ वह परियोजना जो भारत ने भूटान के सहयोग से बनाई है **—चुक्का बांध परियोजना**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (परियोजना)		सूची-II (अवस्थिति)
भाखड़ा	-	**सतलज**
हीराकुंड	-	**महानदी**
इडुक्की	-	**पेरियार**
नागार्जुन सागर	-	**कृष्णा**

✷ तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक की संयुक्त परियोजना है **—तेलगू-गंगा परियोजना**

✷ तेलगू-गंगा परियोजना से पेयजल प्रदान किया जाता है **—मद्रास को**

✷ बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहा था **—जवाहरलाल नेहरू ने**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (नदियां)		सूची-II (बांध)
कावेरी	-	मेट्टूर
कृष्णा	-	अलमट्टी
नर्मदा	-	सरदार सरोवर
चंबल	-	गांधी सागर
बेतवा	-	माताटीला
ताप्ती	-	काकरापारा

✷ अलमट्टी बांध स्थित है —कृष्णा नदी पर

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
मेट्टूर	-	तमिलनाडु
मयूराक्षी	-	पश्चिम बंगाल
नागार्जुन सागर	-	आंध्र प्रदेश
हीराकुंड	-	ओडिशा

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (बहुउद्देशीय परियोजनाएं)		सूची-II (नदियां)
इडुक्की	-	पेरियार
माताटीला	-	बेतवा
नागार्जुन सागर	-	कृष्णा
पोचम्पाद	-	गोदावरी

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
शिवसमुद्रम	-	कावेरी
नागार्जुन सागर	-	कृष्णा
जायकवाड़ी	-	गोदावरी
टिहरी	-	भागीरथी

✷ कात्योंग जलविद्युत परियोजना अवस्थित है —अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में

✷ भारत में सबसे पुराना जलविद्युत स्टेशन है —सिद्रा बाग

✷ भारत में प्रथम जलविद्युत संयंत्र की स्थापना की गई थी —दार्जिलिंग में

✷ सही सुमेलित है

सूची-I (बांध)		सूची-II (प्रदेश)
फरक्का	-	पश्चिम बंगाल
घाट प्रभा	-	कर्नाटक
हीराकुंड	-	ओडिशा
ककरापार	-	गुजरात

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
रिहंद	-	उत्तर प्रदेश
उकई	-	गुजरात
कोयना	-	महाराष्ट्र

✷ सही सुमेलित है

(बांध/झील)		(नदी)
गोविन्द सागर	-	सतलज
कोलेरू झील	-	कृष्णा एवं गोदावरी दोआब क्षेत्र
उकई जलाशय	-	ताप्ती
वुलर झील	-	झेलम

✷ कालागढ़ बांध बना हुआ है —रामगंगा नदी पर

✷ तवा परियोजना संबंधित है —होशंगाबाद से

✷ 'पोंग बांध' बनाया गया है —व्यास नदी पर

✷ मेजा बांध का निर्माण हुआ है —कोठारी नदी पर

✷ तुलबुल परियोजना का संबंध है —झेलम नदी से

✷ बगलिहार पॉवर प्रोजेक्ट, जिसके विषय में पाकिस्तान द्वारा विश्व बैंक के समक्ष विवाद उठाया गया, भारत द्वारा जिस नदी पर बनाया जा रहा है, वह है —चिनाब नदी

✷ बगलिहार पनविद्युत परियोजना, जो हाल में चर्चित रही, स्थित है —जम्मू और कश्मीर में

✷ सही सुमेलित है

(सिंचाई परियोजना)		(राज्य)
दमनगंगा	-	गुजरात
गिरना	-	महाराष्ट्र
पाम्बा	-	केरल

✷ तपोवन और विष्णुगढ़ जलविद्युत परियोजनाएं अवस्थित हैं —उत्तराखंड में

✷ महाकाली संधि जिन देशों के मध्य है, वह हैं —नेपाल और भारत

✷ सही सुमेलन है

कलपक्कम	-	तमिलनाडु
राणा प्रताप सागर	-	राजस्थान
नरौरा	-	उत्तर प्रदेश
तारापुर	-	महाराष्ट्र

✷ मीठे पानी की कल्पसर परियोजना अवस्थित है —गुजरात में

✷ वह राज्य जिसमें सुइल नदी परियोजना स्थित है —हिमाचल प्रदेश

✷ तीस्ता लो डैम प्रोजेक्ट-तृतीय, तीस्ता नदी पर प्रस्तावित है। इस प्रोजेक्ट का स्थल है —पश्चिम बंगाल में

✷ 'तीस्ता जल विद्युत परियोजना' स्थित है —सिक्किम में

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (बहुउद्देशीय परियोजना)		सूची-II (संबंधित नदी)
रिहंद परियोजना	-	सोन
रानी लक्ष्मीबाई बांध परियोजना	-	बेतवा
राम गंगा परियोजना	-	राम गंगा

✷ उत्तर प्रदेश में 'रानी लक्ष्मीबाई बांध परियोजना' निर्मित है **—बेतवा नदी पर**

✷ 'दुलहस्ती हाइड्रो पॉवर स्टेशन' अवस्थित है **—चिनाब नदी पर**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (जलाशय)		सूची-II (राज्य)
भद्रा	-	कर्नाटक
भवानी सागर	-	तमिलनाडु
गांधी सागर	-	मध्य प्रदेश
राणा प्रताप सागर	-	राजस्थान

✷ तिलैया बांध अवस्थित है **—बराकर नदी (झारखंड) पर**

✷ गोविन्द बल्लभ पंत सागर जलाशय स्थित है **—उत्तर प्रदेश में**

✷ 'गंडक परियोजना' संयुक्त परियोजना है **—बिहार व उत्तर प्रदेश की**

✷ वह प्रमुख राज्य जो प्रस्तावित 'किसाउ बांध' परियोजना से लाभान्वित होंगे **—उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (नदी घाटी परियोजना)		सूची-II (नदी)
पंचेट हिल बांध	-	दामोदर
राणा प्रताप सागर बांध	-	चंबल

✷ वह बांध जो सिंचाई के लिए नहीं है **—शिवसमुद्रम**

✷ अति-विवादित 'बबली प्रोजेक्ट' अवस्थित है **—महाराष्ट्र में**

कृषि

✷ 'भारतीय कृषि का इतिहास' लिखा था **—एम.एस.रंधावा ने**

✷ भारत में एग्रो-इकोलॉजिकल जोंस (कृषि पारिस्थितिकीय क्षेत्रों) की कुल संख्या है **—20**

✷ **कथन (A):** भारत की शुष्क पेटी की अर्थव्यवस्था प्रधानत: कृषि आधारित है।

कारण (R): इसमें द्वितीय हरित क्रांति के लिए बहुत क्षमता है।

—(A) एवं (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

✷ भारत की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के संदर्भ में विभिन्न फसलों की 'बीज प्रतिस्थापन दरों' को बढ़ाने से भविष्य के खाद्य उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। किंतु इसके अपेक्षाकृत बड़े/विस्तृत कार्यान्वयन में बाध्यताएं हैं, वह हैं **—निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों की, उद्यान-कृषि फसलों की रोपण सामग्रियों और सब्जियों के गुणता वाले बीजों की पूर्ति में कोई सहभागिता नहीं है।**

✷ देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है **—जी.बी.पी.ए.यू., पंतनगर**

✷ भारतवर्ष में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी वर्ष **—1960 में**

✷ यदि खाद्यान्नों का सुरक्षित संग्रह सुनिश्चित करना हो, तो कटाई के समय उनका आर्द्रता अंश होना चाहिए **—14% कम**

✷ भारत में भूमि-उपयोग वर्गीकरण का सन्निकट निरूपण है **—नेट बुआई क्षेत्र 47%; वन 23%; अन्य क्षेत्र 30%**

✷ कृषि में युग्म पैदावार का आशय है **—विभिन्न मौसमों पर दो फसल उगाने से**

✷ 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता है **—पशुपालन और शस्य उत्पादन को एक साथ करना**

✷ प्रकृति पर अधिक निर्भरता, उत्पादकता का निम्न स्तर, फसलों की विविधता तथा बड़े खेतों की प्रधानता में से भारतीय कृषि की विशेषता नहीं है **—बड़े खेतों की प्रधानता**

✷ **कथन (A) :** पारंपरिक खेती के आधुनिक वैज्ञानिक खेती में रूपांतर में हरित क्रांति की तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कारण (R) : इसमें सामाजिक एवं पर्यावरणीय लागत सम्मिलित नहीं होती। **—(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।**

✷ जनसंख्या का दबाव, प्रच्छन्न बेरोजगारी, सहकारी कृषि एवं भू-जोत का छोटा आकार में से एक भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता का कारण नहीं है **—सहकारी कृषि**

✷ भारत में संकार्य (चालू) जोतों का सबसे बड़ा औसत आकार है **—राजस्थान में**

✷ भारत में कृषि को समझा जाता है **—जीविकोपार्जन का साधन**

✷ भारतीय कृषि के संदर्भ में, सही कथन है **—भारत में दालों की खेती के अंतर्गत आने वाला लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा द्वारा पोषित है**

✷ भारत में रासायनिक उर्वरकों के दो बड़े उपभोक्ता हैं **—उत्तर प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश**

✷ नई सुधारी गई ऊसर में हरी खाद के लिए उपयुक्त फसल है **—ढैंचा**

✷ ढैंचा, शनई, बोड़ा (लोबिया) तथा ग्वार जैसे हरी खाद वाली फसलों में से नाइट्रोजन की मात्रा सर्वाधिक पाई जाती है **—बोड़ा (लोबिया) में**

✷ संतुलित उर्वरक प्रयोग किए जाते हैं **—उत्पादन बढ़ाने के लिए, खाद्य की गुणवत्ता उन्नत करने हेतु, भूमि की उत्पादकता बनाए रखने हेतु**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ केरल तट, तमिलनाडु तट, तेलंगाना तथा विदर्भ में से दक्षिणी भारत में उच्च कृषि उत्पादकता का क्षेत्र पाया जाता है **—तमिलनाडु तट में**

✷ पुनर्भरण योग्य भौम जल संसाधन में सबसे संपन्न राज्य है **—उत्तर प्रदेश**

✷ भारत में ठेकेदारी कृषि को लागू करने में अग्रणी राज्य है **—पंजाब**

✷ 'हरित खेती' में सन्निहित है **—समेकित कीट प्रबंधन, समेकित पोषक पदार्थ आपूर्ति एवं समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन**

✷ भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण का प्रभाव है **—अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक भारतीय किसानों के उत्पादों की पहुंच, नकदी फसल पर बल, आय-असमानता में वृद्धि, आर्थिक सहायता में कटौती आदि।**

✷ 'बीज ग्राम संकल्पना (सीड विलेज कॉन्सेप्ट)' के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है **—किसानों को गुणतायुक्त बीज उत्पादन का प्रशिक्षण देने में लगाना और उनके द्वारा दूसरों को समुचित समय पर तथा वहन करने योग्य लागत में गुणतायुक्त बीज उपलब्ध कराना**

✷ एगमार्क है **—गुणवत्ता गारंटी की मोहर**

हरित क्रांति

✷ हरित क्रांति नई कृषि व्यूह-रचना का परिणाम थी, जो 20वीं सदी में प्रारंभ की गई थी **—सातवें दशक के दौरान**

✷ 'सदाबहार क्रांति' भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयोग में लाई गई **—एम.एस.स्वामीनाथन द्वारा**

✷ नॉर्मन अर्नेस्ट बोरलॉग, जो हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं, वह संबंधित हैं **—संयुक्त राज्य अमेरिका से**

✷ विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' हैं **—नॉर्मन ई. बोरलॉग**

✷ हरित क्रांति से गहरा संबंध रहा है **—डॉ. स्वामीनाथन का**

✷ हरित क्रांति से अभिप्राय है **—उच्च उत्पाद वैराइटी प्रोग्राम**

✷ मोटे अनाज, दलहन, गेहूं तथा तिलहन में से हरित क्रांति संबंधित है **—गेहूं उत्पादन से**

✷ वह फसल जिसको 'हरित क्रांति' का सर्वाधिक लाभ उत्पादन एवं उत्पादकता (Production & Productivity) दोनों में हुआ **—गेहूं**

✷ स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत ने सर्वाधिक प्रगति की है **—गेहूं के उत्पादन में**

✷ हरित क्रांति में प्रयुक्त मुख्य पादप (फसल) थी **—मैक्सिकन गेहूं**

✷ भारत में द्वितीय हरित क्रांति के संबंध में सही है **—इसका लक्ष्य हरित क्रांति से अब तक लाभान्वित न हो सकने वाले क्षेत्रों में बीज,पानी,उर्वरक, तकनीक का विस्तार करना है। इसका लक्ष्य पशुपालन, सामाजिक वानिकी तथा मत्स्य पालन के साथ शस्योत्पादन का समाकलन करना है।**

✷ हरित-क्रांति के घटक हैं **—उच्च उत्पादन देने वाली किस्म के बीज, सिंचाई, ग्रामीण विद्युतीकरण, ग्रामीण सड़कें और विपणन**

✷ **कथन (A) :** भारत में हरित क्रांति के फलस्वरूप खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।
कारण (R) : भारत में हरित क्रांति के परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि हुई है। **—(A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**

✷ इंद्रधनुषीय क्रांति का संबंध है **—इसमें कृषि क्षेत्र की सभी क्रांतियां शामिल हैं**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
खाद्य उत्पादन में वृद्धि	-	हरित क्रांति
दुग्ध उत्पादन	-	श्वेत क्रांति
मत्स्यपालन	-	नीली क्रांति
उर्वरक	-	भूरी क्रांति
उद्यान कृषी	-	सुनहरी क्रांति

✷ गुलाबी क्रांति संबंधित है **—प्याज से**

✷ जीरो टिल बीज एवं उर्वरक ड्रिल विकसित किया गया था **—जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में**

खाद्यान्न फसलें

i. रबी की फसलें

✷ रबी फसल की बुआई होती है **—अक्टूबर-नवंबर महीने में**

✷ 'रबी' फसल हैं **—सरसों, मसूर, चना, गेहूं आदि**

✷ गेहूं की अच्छी खेती आवश्यक परिस्थिति-समुच्चय है **—मध्यम ताप और मध्यम वर्षा**

✷ गन्ना, कपास, जूट तथा गेहूं में से नकदी फसल में सम्मिलित नहीं है **—गेहूं**

✷ नकदी फसल समूह है **—कपास, गन्ना, केला**

✷ तीन बड़े गेहूं उत्पादक राज्यों की दृष्टि से सही क्रम है **—उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं पंजाब**

✷ भारत का अधिकतम गेहूं उत्पादक राज्य है **—उत्तर प्रदेश**

✷ 'मही सुगंधा' प्रजाति है **—धान की फसल की**

✷ भारत में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है **—गेहूं, आलू और गन्ना के उत्पादन में**

✷ गेहूं की वह प्रजाति जो प्रेरित उत्परिवर्तन द्वारा विकसित की गई है **—सोनारा-64**

✷ गेहूं में बौनेपन का जीन है **—नोरिन-10**

✷ मैकरोनी गेहूं सबसे उपयुक्त है **—असिंचित परिस्थितियों के लिए**

✷ राज 3077 एक प्रजाति है **—गेहूं की**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ 'पूसा सिंधु गंगा' एक प्रजाति है **—गेहूं की**
✷ यूपी-308 एक प्रजाति है **—गेहूं की**
✷ गेहूं की फसल का रोग है **—रस्ट**
✷ कल्याण सोना एक किस्म है **—गेहूं की**
✷ गेहूं की अधिक पैदावार वाली किस्में हैं **—अर्जुन और सोनालिका**
✷ गेहूं के साथ दो फसली के लिए अरहर की उपयुक्त किस्म है **—यू.पी.ए.एस.-120**
✷ सही कथन है **—भारत में गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त होता है। उत्तर प्रदेश में अधिकतम क्षेत्रफल वाली फसल पद्धति धान-गेहूं है। एक प्रसार कर्मी के लिए राजनैतिक योग्यता आवश्यक नहीं है।**
✷ 'ट्रिटिकेल' जिन दो के बीच का संकर (क्रॉस) है, वह हैं **—गेहूं एवं राई**
✷ 'करनाल बंट' एक बीमारी है **—गेहूं की**

ii. खरीफ की फसलें

✷ धान की उत्पत्ति हुई **—दक्षिण-पूर्व एशिया में**
✷ खरीफ की फसलें हैं **—कपास, मूंगफली, धान आदि**
✷ चावल की खेती के लिए आदर्श जलवायु परिस्थितियां हैं **—100 सेमी. से ऊपर वर्षा और 25°C से ऊपर ताप**
✷ मसूर, अलसी, सरसों तथा सोयाबीन में से खरीफ की फसल है **—सोयाबीन**
✷ भारत में प्रमुख खाद्यान्न है **—चावल**
✷ खेती के अंतर्गत क्षेत्र के अनुसार भारत में सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसल है **—चावल**
✷ भारत में वह फसल जिसके अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्रफल है **—धान**
✷ भारत में चावल की खेती के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र पाया जाता है **—उत्तर प्रदेश में**
✷ भारत में प्रति हेक्टेयर चावल का औसत उत्पादन वर्ष 2014-15 में था **—2390 किलोग्राम**
✷ भारत के 'चावल के कटोरे' क्षेत्र का नाम है **—कृष्णा-गोदावरी डेल्टा क्षेत्र**
✷ धान की उत्पादकता सर्वाधिक है **—पंजाब राज्य में**
✷ जया, पद्मा एवं कृष्णा उन्नत किस्में हैं **—धान की**
✷ 'अमन' धान उगाया जाता है **—जून-जुलाई (बुआई), नवंबर-दिसंबर (कटाई) में**
✷ पूसा सुगंधा-5 एक सुगंधित किस्म है **—धान की**
✷ 'बारानी दीप' है **—धान की किस्म**
✷ बासमती चावल की संकर प्रजाति है **—पूसा आर एच-10**
✷ बासमती चावल की रोपाई हेतु उपयुक्त बीज दर है **—15-20 किग्रा./हेक्टेयर**
✷ **कथन (A) :** पंजाब चावल का एक महत्वपूर्ण निर्यातक है।
कारण (R) : यह प्रदेश चावल के उत्पादन में अग्रणी है। **—(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**
✷ भारत में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है **—पश्चिम बंगाल**
✷ वह जीव जो चावल की फसल के लिए जैव उर्वरक का कार्य कर सकता है **—नील हरित शैवाल**
✷ **कथन (A) :** भारत में पश्चिमी तट की तुलना में पूर्वी तट में धान का उत्पादन अधिक होता है।
कारण (R) : भारत के पूर्वी तट पर पश्चिमी तट की तुलना में अधिक वर्षा होती है। **—(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**
✷ विगत एक दशक में, भारत में जिस फसल के लिए प्रयुक्त कुल कृष्य भूमि लगभग एक जैसी बनी रही है, वह है **—चावल**
✷ देश का आधे से अधिक उत्पादित चावल जिन चार राज्यों से प्राप्त होता है, वे हैं **—पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब और आंध्र प्रदेश**
✷ भारतवर्ष में चावल की खेती उन क्षेत्रों में होती है, जहां वार्षिक वर्षा **—100 सेमी. से अधिक है**
✷ वह राज्य जिसमें संकर धान की खेती के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्रफल है **—उत्तर प्रदेश**
✷ वह फसलें जो जायद में मुख्यतः सिंचित क्षेत्रों में उगाई जाती हैं **—मूंग एवं उड़द**

नकदी फसलें

i. कपास

✷ भारत में कपास का अधिकतम मात्रा में उत्पादन करने वाला क्षेत्र है **—उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी भारत**
✷ भारत का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है **—गुजरात**
✷ मध्य प्रदेश का वह जिला जो कपास की खेती के कारण 'सफेद सोने' का क्षेत्र कहा जाता है **—उज्जैन-शाजापुर**
✷ महाराष्ट्र में वह फसल जो 'श्वेत स्वर्ण' के नाम से जानी जाती है **—कपास**
✷ सत्य कथन है **— भारत कपास के पौधे का आदि निवास है। विश्व में भारत पहला देश है, जहां कपास की संकर किस्म विकसित हुई, जिसके परिणामस्वरूप वर्धित उत्पादन होता है।**
✷ कपास के रेशे प्राप्त होते हैं **—बीज से**
✷ महाराष्ट्र के काली मिट्टी के क्षेत्र में कपास को गन्ने की फसल से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है **—सिंचाई सुविधाओं के प्रसार के कारण इस क्षेत्र में गन्ने की फसल अधिक लाभप्रद है**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

ii. गन्ना

✷ भारत का वह राज्य जिसमें गन्ने की खेती के अंतर्गत सबसे अधिक भूमि है **—उत्तर प्रदेश**

✷ भारत की फसलों में से वह फसल जिसके अंतर्गत उसके शुद्ध सकल कृषि क्षेत्र के सिंचित क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिशत है **—गन्ना**

✷ भारत में तीन गन्ना उत्पादक राज्यों का घटते हुए (Decreasing Order) क्रम में सही अनुक्रम है **—उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक**

✷ भारत में सर्वाधिक गन्ना पैदा करने वाला राज्य है **—उत्तर प्रदेश**

✷ सत्य कथन हैं **— चीनी उत्पादन प्रक्रम में शीरा एक उपोत्पाद है। चीनी कारखानों में चीनी मिलों में से निकली खोई भाप बनाने के लिए बॉयलरों में ईंधन के रूप में प्रयोग की जाती है।**

✷ गन्ना उत्पादन के एक व्यावहारिक उपागम का, जिसे 'धारणीय गन्ना उपक्रमण' के रूप में जाना जाता है, महत्व है **—कृषि की पारंपरिक पद्धति की तुलना में इसमें बीज की लागत बहुत कम होती है। इसमें च्यवन (ड्रिप) सिंचाई का प्रभावकारी प्रयोग हो सकता है। कृषि की पारंपरिक पद्धति की तुलना में इसमें अंतराशस्यन की ज्यादा गुंजाइश है।**

✷ गन्ने में शर्करा की मात्रा घट जाती है, यदि **—पकने की अवधि में पाला गिर जाए**

✷ चीनी उद्योग से संबंधित कथन सही हैं **—विश्व में चीनी उत्पादन में भारत का हिस्सा 15 प्रतिशत से अधिक है। भारत में चीनी उद्योग दूसरा सबसे बड़ा कृषि आधारित उद्योग है। भारत चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।**

✷ शक्कर नगर चीनी का एक प्रमुख उत्पादक केंद्र है **—आंध्र प्रदेश में**

✷ भारत का 'शक्कर का प्याला' कहलाता है **—उत्तर प्रदेश**

✷ 1903 में भारतवर्ष की प्रथम चीनी मिल स्थापित की गई **—प्रतापपुर (देवरिया) में**

✷ उत्तरी भारत से दक्षिणी भारत में चीनी उद्योग के स्थानिक स्थानांतरण का कारण है **—गन्ने का प्रति एकड़ उच्चतर उत्पादन, गन्ने में शर्करा का अधिक होना, पेराई का अधिक लंबा मौसम**

✷ गन्ने में प्रजनन का कार्य किया जा रहा है **—कोयम्बटूर में**

✷ गन्ने का बीज उत्पादित किया जाता है **—एस.बी.आई. कोयम्बटूर में**

✷ गन्ने की अडसाली फसल पकने के लिए समय लेती है **—18 माह**

तिलहन

✷ तिलहनी फसल है **—सूर्यमुखी, तिल, अलसी, सोयाबीन, अरंडी आदि।**

✷ पीली (पीत) क्रांति संबंधित है **—तिलहन उत्पादन से**

✷ शुष्क भूमि के लिए सर्वाधिक उचित फसल है **—मूंगफली**

✷ 'पेगिंग' एक लाभकारी प्रक्रिया है **—मूंगफली में**

✷ भारत में सोयाबीन का अग्रणी उत्पादक राज्य है **—मध्य प्रदेश**

✷ भारत में सोयाबीन की खेती का सर्वाधिक क्षेत्रफल है **—मध्य प्रदेश में**

✷ भारत में मूंगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है **—गुजरात**

✷ मूंगफली के क्षेत्रांतर्गत कम परंतु, प्रति हेक्टेयर बहुत अधिक उत्पादन वाला भारत का राज्य है **—पंजाब**

✷ राजस्थान प्रमुख उत्पादक है **—सरसों का**

✷ नीचे दिए गए मानचित्र पर विचार कीजिए–

मानचित्र में A, B, C तथा D द्वारा अंकित स्थल क्रमशः प्रसिद्ध है **—मूंगफली, गन्ना, रागी तथा तम्बाकू के लिए**

✷ भारत में उत्पादित मुख्य तिलहन फसल है **—सोयाबीन, मूंगफली, सरसों, तिल**

✷ सरसों की प्रजातियां हैं **—वरुणा, पूसा बोल्ड एवं पितांबरी आदि**

✷ जिप्सम की अधिक मात्रा आवश्यक होती है **—मूंगफली की फसल में**

✷ 'कौशल' उन्नत प्रजाति है **—मूंगफली की**

दलहन

✷ वह देश जो दलहनी फसलों का मुख्य उत्पादक तथा उपभोक्ता है **—भारत**

✷ भारत में सामान्यतः निर्यात नहीं किया जाता है **—दालों का**

✷ **कथन (A) :** भारत में दालों की कमी है, परंतु प्रोटीन की नहीं।
कारण (R) : दालों की मांग की वरीयता है।
—(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ भारत में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है **—मध्य प्रदेश**
✷ हवा से नत्रजन संचित करने की क्षमता होती है **—दालों में**
✷ दलहनी फसलों के उत्पादन हेतु आवश्यक तत्व है **—कोबाल्ट**
✷ वायुमंडल के नत्रजन का स्थिरीकरण करने वाली दलहनी फसल है **—चना, मटर एवं मूंग**
✷ दलहनी फसलों में संतुलित खाद का अनुपात (एन.पी.के.) है **—1 : 2 : 2**
✷ अरहर का जन्म स्थान है **—भारतवर्ष**
✷ मालवीय चमत्कार एक प्रजाति है **—अरहर की**
✷ 'बहार' एक प्रसिद्ध प्रजाति है **—अरहर की**
✷ मटर की पत्तीविहीन जाति है **—अपर्णा**

रेशम

✷ भारत में सर्वाधिक रेशम पैदा करने वाला राज्य है **—कर्नाटक**
✷ भारत को 60 प्रतिशत से अधिक कच्चा रेशम प्राप्त होता है **—आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक से**
✷ सही सुमेलित है

(प्रकार)		(उत्पादन)
शहतूत रेशम	-	**कर्नाटक**
टसर रेशम	-	**झारखंड**
ईरी रेशम	-	**असम**
मूंगा रेशम	-	**असम**

✷ मूंगा रेशम की एक ऐसी किस्म है, जो पूरे विश्व में केवल भारत में होती है **—असम में**
✷ टसर रेशम का अग्रणी उत्पादक राज्य है **—झारखंड**

बागानी फसलें

i. कॉफी/कहवा

✷ राष्ट्रीय बागवानी परिषद (बोर्ड) की स्थापना हुई थी **—वर्ष 1984 में**
✷ यद्यपि कॉफी और चाय दोनों की खेती पहाड़ी ढलानों पर की जाती है, तथापि इनकी कृषि के संबंध में इन दोनों में कुछ अंतर पाया जाता है। इस संदर्भ में सत्य कथन हैं **—कॉफी के पौधे को उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की उष्ण और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि चाय की खेती उष्णकटिबंधीय और उपोष्ण दोनों क्षेत्रों में की जाती है। कॉफी बीजों के द्वारा प्रवर्धित की जाती है, लेकिन चाय केवल डाली कलम के द्वारा प्रवर्धित की जाती है।**
✷ भारत में सर्वाधिक कॉफी उत्पादन की जाती है **—कर्नाटक में**
✷ भारत में देश का 72.3 प्रतिशत से अधिक कॉफी अकेले पैदा करता है **—कर्नाटक**
✷ भारत में कहवा की खेती का क्षेत्र सर्वाधिक पाया जाता है **—कर्नाटक में**

ii. चाय एवं रबर

✷ वर्ष 2015 के आंकड़ों के अनुसार, चाय के उत्पादन एवं उपभोग में चीन का प्रथम तथा भारत का **—द्वितीय स्थान**
✷ भारत में वह नकदी फसल जिससे अधिकतम विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है **—चाय**
✷ भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य है **—असम**
✷ भारत अपनी आवश्यकता से अधिक उत्पादन करता है **—चाय का**
✷ **कथन (A) :** भारत चाय में महत्वपूर्ण निर्यातक देश है।
कारण (R) : भारत में चाय की घरेलू खपत बहुत कम है। **—(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**
✷ एक ऐसे क्षेत्र में जहां वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक होती है और ढलाव पहाड़ी स्थल है, खेती अभीष्ट (Ideal) होगी **—चाय की**
✷ ग्रीन गोल्ड किस्म है **—चाय की**
✷ बराक घाटी की महत्वपूर्ण फसल है **—धान**
✷ भारत में रबर का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य है **—केरल**

iii. अन्य बागानी फसलें

✷ भारत का वह राज्य जहां कहवा, रबर तथा तम्बाकू सभी की कृषि की जाती है **—कर्नाटक**
✷ भारत में बागानी कृषि के अंतर्गत उगाई जाने वाली मुख्य शस्य हैं **—चाय, रबर, नारियल, कहवा**
✷ सही कथन हैं **—चाय असम की मुख्य फसल है। तम्बाकू आंध्र प्रदेश में विस्तृत पैमाने पर उगाई जाती है।**
✷ भारत में तम्बाकू का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य है **—आंध्र प्रदेश**
✷ भारत में तम्बाकू की कृषि के अंतर्गत वृहत्तम क्षेत्र है **—आंध्र प्रदेश में**
✷ भारत में नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है **—तमिलनाडु**
✷ काली मिर्च का अधिकतम उत्पादन (विश्व में) होता है **—वियतनाम और भारत में**
✷ इलायची उत्पादन के लिए प्रसिद्ध राज्य हैं **—केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु**
✷ केरल राज्य विश्वभर में जाना जाता है **—गरम मसालों के संवर्धन के लिए**
✷ 'मसालों का बागान' कहा जाने वाला राज्य है **—केरल**
✷ लौंग प्राप्त होता है **—पुष्पकली से**
✷ लौंग की खेती मुख्यतः होती है **—केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
जूट	-	पश्चिम बंगाल
चाय	-	असम
रबर	-	केरल
गन्ना	-	उत्तर प्रदेश

✷ भारत में काली मिर्च की खेती के लिए अनुकूल दशाएं हैं
—उष्ण और आर्द्र जलवायु, 200 सेंटीमीटर वार्षिक वर्षा, 1100 मीटर तक की ऊंचाई के पहाड़ी ढ़ाल, 15^0 C से 30^0 तक वार्षिक ताप परिसर

✷ भारत के 'काला सोना' के रूप में जाना जाता है
—काली मिर्च एवं कोयला

✷ भारत में मसालों का सर्वाधिक उत्पादक है —गुजरात

✷ काजू का प्रमुख उत्पादक राज्य है —महाराष्ट्र

झूमिंग कृषि

✷ झूमिंग अथवा पैड़ा पद्धति है —जंगल काटकर सूखने को छोड़ना

✷ झूमिंग सर्वाधिक व्यवहृत है —नगालैंड में

✷ चलवासी कृषि जिन राज्यों के पहाड़ी क्षेत्रों की प्रमुख समस्या है, वह राज्य हैं —असम तथा झारखंड

कृषि : विविध

✷ सही सुमेलित हैं

(राज्य)		(उत्पादन)
केरल	-	टैपियोका
गुजरात	-	कपास
पश्चिम बंगाल	-	पटसन
गुजरात	-	मूंगफली

✷ सही सुमेलित है

(फसल)		(वृहत्तम उत्पादक)
आलू	-	उत्तर प्रदेश
नारियल	-	केरल
केला	-	तमिलनाडु
तम्बाकू	-	आंध्र प्रदेश

✷ भारत में आलू का सर्वाधिक उत्पादन होता है —उत्तर प्रदेश में

✷ राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र स्थित है- —त्रिची में

✷ भारत में खाद्यान्नों का उनके उत्पादन (मिलियन टन में) का सही ह्रासवान क्रम है —चावल — गेहूं — मोटे अनाज — दालें

✷ भारत का वह राज्य, जो खाद्यान्न उत्पादन में अधिकतम अंशदान करता है —उत्तर प्रदेश

✷ भारत का वह राज्य जो कपास, मूंगफली एवं नमक के उत्पादों में प्रथम स्थान पर है —गुजरात

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (कृषि उत्पादन)		सूची-II (अग्रणी उत्पादक)
चना	-	मध्य प्रदेश
काली मिर्च	-	केरल
अनन्नास	-	पश्चिम बंगाल

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (फसलें)		सूची-II (फसल नाशक जीव)
चावल	-	घुंडी मत्कुण
गेहूं	-	एफिड
गन्ना	-	शीर्ष प्ररोह वेधक शलभ
चना	-	गोलक शलभ

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (फसल का नाम)		सूची-II (बीमारी का नाम)
गन्ना	-	रेड राट
धान	-	खैरा
अरहर	-	उक्ठा (विल्ट)
आलू	-	झुलसा (लेट ब्लाइट)

✷ हरित बाल रोग पाया जाता है —बाजरे में

✷ गन्ना, चुकंदर, स्वीट पी, चना, अरहर और फरासबीन आते हैं
—त्रिपादप कुल के अंतर्गत

✷ वर्ष 2015-16 में भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन था
—251.57 मिलियन टन

✷ विश्व में फल उत्पादन में भारत का स्थान है —दूसरा

✷ भारत का सर्वाधिक पटसन-उत्पादक राज्य है —पश्चिम बंगाल

✷ भारत में जूट उद्योग प्रमुखतः केंद्रित है —पश्चिम बंगाल में

✷ गंगा के निचले मैदानों की यह विशेषता है कि यहां वर्षभर जलवायु उच्च तापमान के साथ आर्द्र बनी रहती है। इस क्षेत्र के लिए सबसे उपयुक्त फसल युग्म है —धान और जूट

✷ भारत में जूट का सर्वाधिक क्षेत्रफल है —प. बंगाल में

✷ वर्षभर बोई जाने वाली फसल है —मक्का

✷ मक्का के लिए सही कथन हैं
—मक्का का मंड के उत्पादन के लिए प्रयोग किया जा सकता है। मक्का से निष्कर्षित तेल जैव-डीजल के लिए फीडस्टॉक हो सकता है। मक्का के प्रयोग से एल्कोहॉली पेय उत्पन्न किया जा सकता है।

✷ मक्का की फसल पकने की अवधि है —110 दिन

✷ C4 पौधा है —मक्का

✷ भारत में तीन शीर्ष मक्का उत्पादक राज्य हैं
—कर्नाटक, मध्य प्रदेश एवं बिहार

✷ शक्तिमान-1 और शक्तिमान-2 आनुवंशिक परिवर्तित फसलें हैं
—मक्का की

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

✷ भारत में केसर का वाणिज्यिक स्तर पर उत्पादन होता है **—जम्मू और कश्मीर में**

✷ भारत में केसर की सबसे अधिक मात्रा उत्पन्न होती है **—कश्मीर में**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I (फसलें)	सूची-II (भौगोलिक परिस्थितियां)
जौ	- ठंडी जलवायु तथा अपेक्षाकृत कम उपजाऊ मृदा
चावल	- तप्त और नम जलवायु तथा उपजाऊ मृदा
मिलेट (ज्वार,बाजरा आदि)	- तप्त और शुष्क जलवायु तथा अल्प उपजाऊ मृदा
चाय	- गर्म और नम जलवायु तथा उच्च तुंगता

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
कपास	-	वर्षा 500-1000 mm; तापमान 18^0-22^0C
फ्लैक्स	-	वर्षा 600-800 mm; तापमान 5^0-18^0C
चुकंदर	-	वर्षा 500-600 mm; तापमान 18^0-22^0C
पटसन	-	वर्षा 1500-2000 mm; तापमान 25^0-35^0C

✷ वह पौधा जिसकी खेती, पौध का प्रतिरोपण करके की जाती है **—प्याज**

✷ फसल चक्र जो पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त समझा जाता है, वह है **—धान-मक्का-गेहूं**

✷ भागीरथी घाटी में राजमा और आलू की खेती प्रारंभ करने का श्रेय दिया जाता है **—विल्सन को**

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
कॉफी बोर्ड	-	बंगलुरू
रबर बोर्ड	-	कोट्टायम
चाय बोर्ड	-	कोलकाता
तम्बाकू बोर्ड	-	गुंटूर

✷ सब्जी उत्पादन में भारत का स्थान है **—द्वितीय**

✷ विश्व में सब्जियों का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश है **—चीन**

✷ आम की बीजरहित प्रजाति है **—सिंधु**

✷ आम की वह किस्म जो दशहरी एवं नीलम के क्रॉस से विकसित की गई है **—आम्रपाली**

✷ ललित उन्नत किस्म है **—अमरूद की**

✷ आम की नियमित फसल वाली प्रजातियां हैं **—दशहरी-51, बैंगालोरा (तोतापरी), नीलम, आम्रपाली आदि**

✷ 'कंचन' एक उन्नत किस्म है **—आंवला की**

✷ केले का अधिकतम उत्पादन होता है **—तमिलनाडु में**

✷ बोरलॉग पुरस्कार दिया जाता है **—कृषि विज्ञान के क्षेत्र में**

✷ प्रसंस्करण हेतु आलू की सबसे अच्छी किस्म है **—कुफरी चिप्सौना-2**

✷ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन का एक लक्ष्य धारणीय रीति से देश के चुनिंदा जिलों में खेतीगत जमीन में बढ़ोत्तरी एवं उत्पादकता में वृद्धि लाकर कुछ फसलों की उत्पादकता में वृद्धि लाना है। ये फसलें हैं **—केवल चावल, गेहूं, दलहन, बाजरा एवं चारा की फसल**

✷ वह फसलें जो अधिकांशत: निर्वाहमूलक कृषि के अंतर्गत पैदा की जाती हैं **—मोटे अनाज तथा चावल**

✷ अदरक का तना जो मिट्टी में उगता है और खाद्य का संग्रहण करता है, वह कहलाता है **—प्रकंद**

✷ अनाज के दानों का उत्पाद है **—ओट मील**

✷ उत्तराखंड में उगाया जाने वाला अनाज 'मंडुआ' (कोदा) का निर्यात जिस देश में अधिकांशत: किया जा रहा है, वह देश है **—जापान**

✷ प्रमुखतया वर्षा आधारित फसल हैं **—मूंगफली, तिल, बाजरा**

✷ वह फसलें जो, दलहन, चारा और हरी खाद के रूप में प्रयुक्त होती हैं **—लोबिया, अरहर एवं मूंग**

✷ वह राज्य जिसमें सर्वोपयुक्त जलवायु-विषयक स्थितियां उपलब्ध हैं, जिसमें न्यूनतम लागत से आर्किड की विविध किस्मों की खेती हो सकती है, और वह इस क्षेत्र में निर्यात उन्मुख उद्योग विकसित कर सकता है **—अरुणाचल प्रदेश**

✷ देश का प्रथम पूर्ण रूप से जैविक-राज्य घोषित किया गया है **—सिक्किम को**

✷ गुजरात राज्य की विशिष्टताएं हैं **—उसका उत्तरी भाग शुष्क एवं अर्धशुष्क है। उसके मध्य भाग में कपास का उत्पादन होता है। उस राज्य में खाद्य फसलों की तुलना में नकदी फसलों की खेती अधिक होती है।**

✷ भारत में ग्वार (क्लस्टर बीन) का पारंपरिक रूप से सब्जी या पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता है, किंतु हाल ही में इसकी खेती ने महत्व का स्थान प्राप्त किया है। इस संदर्भ में सही कथन है **—इसके बीजों से निर्मित गोंद शेल गैस के निष्कर्षण में प्रयुक्त होता है।**

✷ **कथन (A) :** भारत में पश्चिम बंगाल मछली का सबसे बड़ा उत्पादक है।
कारण (R) : पश्चिम बंगाल के सागर तट के किनारे मत्स्य उद्योग सुविकसित है। **—(A) सत्य है, परंतु (R) गलत है।**

✷ भारत में कुल मत्स्य उत्पादक अग्रणी राज्य क्रमश हैं **—आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु**

✷ PBW-343 और DBW-17 प्रजातियां हैं **—गेहूं की**

✷ धान की खैरा बीमारी के लिए प्रयोग किया जाता है **—जिंक सल्फेट**

✷ भारत में आम का उत्पादन करने वाले प्रमुख राज्य हैं **—उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना**

✷ विश्व के फल उत्पादन में भारत का योगदान है **—15% लगभग**

For More Free PDF Go To Our Webisite - www.GKTrickHindi.com

पशुपालन

- स्टॉक फार्मिंग है —**पशुओं का प्रजनन**
- प्रति 100 हेक्टेयर सकल कृष्य क्षेत्र में मवेशियों की संख्या का घनत्व सबसे अधिक है —**बिहार में**
- भारत की लगभग एक तिहाई गाय-बैलों की संख्या तीन राज्यों में पाई जाती है, ये हैं —**मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल**
- सही कथन हैं —**मध्य प्रदेश में भारत के गाय-बैलों की सर्वाधिक संख्या पाई जाती है। उत्तर प्रदेश में भारत के भैंसों की सर्वाधिक संख्या पाई जाती है। आंध्र प्रदेश में भारत की भेड़ों की सर्वाधिक संख्या पाई जाती है। भारत में तमितनाडु गाय के दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है।**
- भारत में सर्वाधिक दुग्ध देने वाली बकरी की नस्ल है —**जमनपारी**
- थारपरकर प्रजाति की गाय पाई जाती है —**राजस्थान के सीमावृत्ति क्षेत्र में**
- गाय की जो नस्ल अधिक दूध देती है, वह है —**साहिवाल**
- विश्व में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भारत का स्थान है —**प्रथम**
- भारत में दुग्ध का सर्वाधिक उत्पादन होता है —**उत्तर प्रदेश में**
- 'ऑपरेशन फ्लड' का संबंध है —**दुग्ध उत्पादन एवं वितरण से**
- भारत की 'श्वेत क्रांति' का जनक कहा जाता है —**डॉ. वर्गीज कुरियन को**
- श्वेत क्रांति संबंधित है —**दुग्ध उत्पादन से**
- 'राष्ट्रीय डेयरी शोध संस्थान' स्थित है —**करनाल में**

खनिज संसाधन

A. शैल तंत्र

- भारत का सबसे महत्वपूर्ण खनिजयुक्त रॉक तंत्र है —**धारवाड़ तंत्र**
